उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांकः– 08.03.2026

महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

आज दिनांकः- 08.03.2026 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा जनपदवासियों की समस्याओं के निस्तारण एवं त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई आयोजित की गयी।

जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए प्रत्येक फरियादी को निष्पक्ष व गुणवत्तापूर्ण समाधान का आश्वासन दिया गया। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से किया जाए ताकि आमजन का पुलिस पर विश्वास और अधिक मजबूत हो।

जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत महिलाओं को सशक्त बनाने एवं उन्हें सुरक्षित वातावरण प्रदान किये जाने के उद्देश्य से उपस्थित महिला फरियादियों से संवाद कर उनको जागरूक करते हुए महिलाओं को उनकी सुरक्षा, अधिकारों एवं शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी दी गई तथा उन्हें निडर होकर अपनी बात रखने हेतु प्रेरित किया गया।

पुलिस अधीक्षक महोबा ने कहा कि जनपद महोबा पुलिस आमजन की सुरक्षा, न्याय एवं सेवा के लिए पूर्णतः समर्पित है।

महोबा पुलिस

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक:- 08.03.2026

मीडिया सेल, महोबा

मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाली जनपदीय पुलिस की महिला पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

आज दिनांक 08.03.2026 को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जनपद महोबा के जिला कलेक्ट्रेट स्थित विश्वेसर सभागार में मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं के प्रति सम्मान, समानता एवं सशक्तिकरण के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना तथा समाज में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करना रहा।

कार्यक्रम के दौरान मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली जनपदीय पुलिस की महिला पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों द्वारा महिला पुलिसकर्मियों के साहस, कर्तव्यनिष्ठा एवं सेवा भावना की सराहना करते हुए कहा गया कि महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने में पुलिस की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है तथा जनपद पुलिस इस दिशा में पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई तथा समाज में महिलाओं के अधिकारों, सुरक्षा और सम्मान के प्रति जागरूकता बढ़ाने का आह्वान किया गया। वक्ताओं ने कहा कि महिलाओं की भागीदारी और सशक्तिकरण से ही समाज का समग्र विकास संभव है।

इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारीगण, कर्मचारीगण तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया गया।